कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.03.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में
मिक्स्ड मार्शल आर्टस प्रशिक्षण कार्यशाला

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शारीरिक दक्षता एवं आत्मरक्षा हेतु मिक्सड मार्शल आर्टस का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि इस कार्यशाला में आत्मरक्षा के नियमों की बहुत बारीकी से जानकारी प्रदान की गई है और यह निश्चित रूप से सबके लिये लाभदायी है। साथ ही भविष्य में भी यह आत्मरक्षा की तकनीक उपयोगी साबित होगी।

मिक्स्ड मार्शल आर्टस की प्रशिक्षक अन्तर्राष्ट्रीय कांस्य पदक विजेता कु. श्वेता ध्रुव एवं बॉक्सिंग कोच श्री डी. विजय तथा राष्ट्रीय मिक्सड मार्शल आर्टस प्रशिक्षक योगेन्द्र कुमार ध्रुव कु. रेणु ठाकुर ने दिया ।

कु. श्वेता ध्रुव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मिक्सड मार्शल आर्टस दुनिया में प्रचलित मार्हिनस आर्ट्स की सर्वश्रेष्ठ रक्षात्मक और आक्रामक शैलियों का मिश्रण है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राएँ शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बन सकती है।

श्री योगेन्द्र कुमार ध्रुव ने बताया कि मिक्सड मार्शल आर्टस शरीर को तेजी से प्रतिक्रिया में लाने के लिए मानसिक सर्तकता जागरूकता और न्यूनतम शक्ति के बिना नुकसान के किसी भी स्थिति से बाहर निकलने या नियंत्रण पाने के लिए दिया गया प्रशिक्षण है।

कु. रेणु ठाकुर ने महिला सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी देते हुए पार्टी अटैक, घरेलू हिंसा, सफल यात्रा, भीड़ एवं सार्वजनिक स्थलों में होने वाली आक्रमण तथा आक्रामक घटनाओं से बचने की जानकारियाँ प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. रेशमा लाकेश, डॉ. ऋतु दुबे का विशेष योगदान रहा

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)